कार्यालय नियंत्रक, नाप-तौल मध्यप्रदेश, भोपाल

होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल पिन – 462011

Tel. 0755-2551017, 2551021 Email-cwmbho@mp.nic.in

क्र० 2809 /नातौ/अ-1(1)/2020 भोपाल, दिनांक 19-11-2020

प्रति,

E-mail

समस्त निरीक्षक,
नाप-तौल, मध्यप्रदेश

विषय :- विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 अंतर्गत होने वाले निरीक्षण संबंधी।

संदर्भ :- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्र. 1130/1294/(9-4)2019/29-2 दिनांक 29.08.2020 एवं पत्र क्र. 1693/1294/(9-4)2019/29-2 दिनांक 06.11.2020.

----- 00 -----

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि भारत सरकार द्वारा व्यापार संचालन सरलीकरण (EoDB) के लिए राज्य स्तरीय व्यापार सुधार कार्ययोजना 2020 के क्रियान्वयन अंतर्गत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने संदर्भित पत्र क्र. 1130 दिनांक 29.08.2020 से विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 एवं इसके अंतर्गत बने नियमों के तहत होने वाले समस्त निरीक्षणों के संबध में पूर्व में जारी समस्त निर्देशों को समाप्त करते हुए नवीन निर्देश प्रसारित किए हैं एवं संदर्भित पत्र क्र. 1693/1294/(9-4)2019/29-2 दिनांक 06.11.2020 से औचक निरीक्षण या शिकायतों के आधार पर किये जाने वाले निरीक्षण संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुमति के पश्चात ही किये जाने के निर्देश प्रसारित किये है। उक्त दोनो पत्र आपको पूर्व में ही अग्रेषित किये गये हैं।

मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्र. 3/खाद्य/2/59/2020/4858 भोपाल, दिनांक 09.11.2020 के पालन में खाद्य पदार्थो में मिलावट की जाच करने हेतु कुछ जिलों में टीम गठित की गई हैं, जिसमें निरीक्षक नाप-तौल को भी शामिल किया गया है।

इसी अनुक्रम में जिला कलेक्टरों द्वारा जारी टीम गठन आदेश में सम्मिलित निरीक्षक नाप-तौल को प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संदर्भित पत्र क्र. 1693/1294/(9-4)2019/29-2 दिनांक 06.11.2020 के संदर्भ मे गठित जॉच दल के साथ औचक निरीक्षण की अनुमति प्रदान की जाती है।

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप-तौल म.प्र. भोपाल

पृ.क्र. /नातौ/अ-1(1)/2020 भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. उप /सहायक नियंत्रक, नाप-तौल मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

नियंत्रक
नाप-तौल म.प्र. भोपाल